CS 20 पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय की प्रक्रिया (पूर्व में 06-05-01)

श्रेणी:	स्वास्थ्य, सुरक्षा और यौन दुर्व्यवहार
धारा:	यौन दुर्व्यवहार और भेदभाव
विषय:	यौन दुर्व्यवहार
प्रभावी दिनांक:	14 अगस्त, 2020 संशोधित
पेज:	19

विषय - सूची

I. प्रासंगिकता: प्रयोजन और अधिकार-क्षेत्र ………………………………………………………………. 2

II. यौन दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करने और शिकायत दर्ज़ करने के लिए विकल्प …………………………… 3

III. जांच और समाधान प्रक्रियाओं को समझना ………………………………………………………..… 5

IV. अपील हैन्डल करना …………………………………………………………………………… 10

V. परिशिष्ट A: विश्वविद्यालय और सामुदायिक संसाधन ………………………………..…………… 11

VI. परिशिष्ट B: गोपनीयता …………………………………………………………………...……… 16

VII. परिशिष्ट C: अन्य प्रासंगिक विचार …………………………………………………….…………… 19

I. प्रासंगिकता: प्रयोजन और अधिकार-क्षेत्र

A. प्रयोजन

यह दस्तावेज़ यौन दुर्व्यवहार के ख़िलाफ़ विश्वविद्यालय के निषेध से संबंधित प्रक्रियाओं को स्थापित करता है, जैसा कि पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय की यौन दुर्व्यवहार नीति 06-05-01 ("नीति") में उल्लिखित है। नीति के सभी प्रावधान संदर्भ के अनुसार शामिल किए गए हैं। ध्यान दें: यह दस्तावेज़ विश्वविद्यालय के "यौन उत्पीड़न" के निषेध पर लागू नहीं होता है, जैसा कि नीति CS 27 के तहत विशेष रूप से परिभाषित किया गया है और उस पर चर्चा की गई है।

जब यौन दुर्व्यवहार होता है, तो विश्वविद्यालय दुराचार को समाप्त करने, उसकी पुनरावृत्ति को रोकने और दोनों व्यक्तियों और विश्वविद्यालय समुदाय पर पड़ने वाले प्रभावों को दूर करने के लिए कार्य करेगा।

विश्वविद्यालय समुदाय के सदस्यों के लिए नीति और इससे जुड़ी प्रक्रिया यौन दुर्व्यवहार की शिकायतों के समाधान करने और अपील के एकमात्र आंतरिक विश्वविद्यालय मंच के रूप में काम करेगा। (नीति CS 27 के तहत कवर किए गए यौन उत्पीड़न की शिकायतों को छोड़कर और अन्यथा उल्लिखित धारा IV, हैंडलिंग अपील को छोड़कर)।

भेदभाव, जो या तो इस नीति के तहत यौन दुर्व्यवहार नहीं है या नीति CS 27 के तहत यौन उत्पीड़न के अधीन है और इसका विश्लेषण विश्वविद्यालय की गैर-भेदभाव, समान अवसर और सकारात्मक कार्रवाई नीति CS 07 (पूर्व में 07-01-03) और संबद्ध प्रक्रिया CS 07 (पूर्व में 07-01-03) या अन्य उपयुक्त नीति या प्रक्रिया के तहत किया जाना चाहिए।

B. अधिकार क्षेत्र

यह प्रक्रिया विश्वविद्यालय समुदाय के सभी सदस्यों पर लागू होती है। कृपया अधिकार क्षेत्र के विस्तृत विवरण के लिए कृपया पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय की यौन दुर्व्यवहार नीति CS 20 (पूर्व में 06-05-01, "नीति") देखें।

II. यौन दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करने और शिकायत दर्ज करने के लिए विकल्प

विश्वविद्यालय ऐसे लोगों को, जो यौन दुर्व्यवहार का अनुभव करते हैं, दुराचार की रिपोर्ट करने के लिए, सहायता लेने और अपने खुद और उस पूरे परिसर समुदाय के लिए संरक्षण कर लिए विश्वविद्यालय से कार्रवाई की मांग के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित करता है। जब एक कर्मचारी कथित यौन दुर्व्यवहार का पता चलता है, तो उसे ऑफ़िस ऑफ सिविल राइट्स और टाइटल IX को सूचित करना चाहिए। ऑफ़िस ऑफ सिविल राइट्स और टाइटल IX यौन दुर्व्यवहार प्रक्रिया के समन्वय के लिए ज़िम्मेदार है। यौन दुर्व्यवहार की परिभाषा के लिए, कृपया यौन दुर्व्यवहार 06-05-01 पर नीति देखें।

जिसने यौन दुर्व्यवहार का अनुभव किया है, वह इस विश्वविद्यालय प्रक्रिया का इस्तेमाल करने के साथ-साथ आपराधिक प्रक्रिया को भी चुन सकता है। हालांकि विश्वविद्यालय या आपराधिक कार्रवाई को नहीं चुनने से विश्वविद्यालय की जांच करने और/या कार्रवाई करने की ज़िम्मेदारी खत्म नहीं हो जाती है। यदि कोई आपराधिक प्रक्रिया अपनाई जाती है, तो कृपया, आपातकालीन जांच-पड़ताल कक्ष/साक्ष्य के संरक्षण, जो भी लागू हो, पर जानकारी प्राप्त करने के लिए www.share.pitt.edu\get-help पर जाएं।

विश्वविद्यालय निष्पक्षकार और समय पर यौन दुर्व्यवहार की शिकायतों को हल करने का इरादा रखता है। बहरहाल, यौन दुर्व्यवहार की सभी रिपोर्टें औपचारिक शिकायत या न्यायिक परामर्श का नतीजा नहीं होती हैं। मिसाल के तौर पर कुछ पीड़ित केवल समर्थन और संसाधन चाहते हैं, और शिकायत शुरू करने की इच्छा नहीं रखते हैं। जहां एक शिकायत

प्रस्तुत की जाती है, विश्वविद्यालय आम तौर पर शिकायत दर्ज़ किए जाने से लेकर साठ (60) दिनों के भीतर शिकायत को हल करने का प्रयास करता है। यदि शिकायत के परिणाम परअपील की जाती है, तो विश्वविद्यालय आमतौर पर किसी भी अपील का समयबद्ध निर्धारण करने का प्रयास करता है। बहरहाल, कमतर या कहीं अधिक जटिल परिस्थितियां यहां बताई गई समय-सीमा के भीतर शिकायत का समाधान करने से विश्वविद्यालय को रोक सकती हैं।

ऑफ़िस ऑफ सिविल राइट्स और टाइटल IX इन समयसीमाओं के किसी भी यथोचित विस्तार के साथ इसका समाधान करेगा। शिकायतकर्ताओं और प्रतिवादियों को प्रक्रिया की स्थिति के अनुसार आवधिक अपडेट प्रदान किया जाएगा।

A. पीड़ित के लिए

यदि आप यौन दुर्व्यवहार या हिंसा की रिपोर्ट करना चाहते हैं तो बहुत सारे विकल्प उपलब्ध हैं:

1. यदि कोई अपराध हुआ है, तो आप पिट पुलिस (पिट्सबर्ग परिसर के लिए 412-624-2121; क्षेत्रीय परिसर पुलिस विभागों के लिए संपर्क जानकारी परिशिष्ट A में सूचीबद्ध है) से संपर्क करके एक आपराधिक शिकायत दर्ज़ करा सकते हैं। आप स्थानीय पुलिस ब्यूरो या विभाग से संपर्क करने के लिए 911 पर कॉल कर सकते हैं।
2. आप पिट्सबर्ग पुलिस विभाग की वेब साइट (www.police.pitt.edu) पर एक गुमनाम रह कर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। बहरहाल, यह विकल्प रिपोर्ट का जवाब देने और उसकी जांच करने की विश्वविद्यालय की क्षमता को बहुत सीमित करता है।
3. यदि कथित हमलावर पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय का छात्र है, तो सभी पिट छात्र, फैकल्टी और स्टाफ़ विश्वविद्यालय के छात्र आचरण कार्यालय (412- 648-7910, 738 विलियम पिट यूनियन; क्षेत्रीय न्यायिक मामलों/छात्र आचरण के कार्यालयों की संपर्क जानकारी परिशिष्ट A में है) के माध्यम से शिकायत दर्ज कर सकते हैं। यौन उत्पीड़न की शिकायतों को दर्ज करने और संसाधित करने से संबंधित चरणों की रूपरेखा स्टूडेंट कोड ऑफ कंडक्ट तैयार करती है।
4. आप जांच के लिए विश्वविद्यालय के ऑफ़िस ऑफ सिविल राइट्स और टाइटल IX (412- 648-7860) में शिकायत दर्ज कर सकते हैं। क्षेत्रीय परिसरों के व्यक्ति अपने स्थानीय सिविल राइट्स और टाइटल IX संपर्क कार्यालय से भी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। संपर्क जानकारी के लिए परिशिष्ट A देखें।
5. विश्वविद्यालय समुदाय के सभी सदस्य AlertLine (866- 858-4456 या http://pitt.alertline.com) पर गुमनाम शिकायतें दर्ज कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय और सामुदायिक संसाधनों की सूची के लिए परिशिष्ट A देखें। गोपनीयता की जानकारी के लिए परिशिष्ट B देखें।

B. <u>अभियुक्त के लिए</u>

उन अभियुक्तों को पता होना चाहिए कि विश्वविद्यालय की किसी भी कार्रवाई की शुरूआत आपराधिक आरोपों की संभावना को समाप्त नहीं करती है। दरअसल, समानांतर विश्वविद्यालय और आपराधिक कार्रवाई असामान्य नहीं हैं। इन प्रक्रियाओं का उपयोग करने के अलावा, विश्वविद्यालय यौन हिंसा सहित यौन दुर्व्यवहार को रोकने के प्रयास में छात्रों, फैकल्टी और स्टाफ़ के लिए रोकथाम कार्यक्रमों को करना और उन्हें प्रशिक्षण में लगाए रखना जारी रखेगा।

यौन दुर्व्यवहार की कथित घटनाओं की जांच में शामिल किसी के ख़िलाफ़ प्रतिशोध निषिद्ध है, चाहे वे किसी व्यक्ति, एक गवाह, एक किसी जांचकर्ता या किसी और का उल्लेख कर रहे हो या न कर रहे हों। जांच प्रक्रिया में

शामिल सभी व्यक्तियों से अपेक्षा की जाती है कि वे प्रक्रिया की गोपनीयता और इसमें शामिल जानकारी का सम्मान करें।

यौन दुर्व्यवहार की किसी घटना के बाद कभी भी रिपोर्ट सबमिट की जा सकती है, हालांकि विश्वविद्यालय की कार्रवाई करने की क्षमता रिपोर्ट की समयबद्धता और कथित प्रतिवादी अभी भी विश्वविद्यालय समुदाय का सदस्य है या नहीं, के आधार पर सीमित हो सकती है।

C. <u>ज़िम्मेदार कर्मचारी (फ़ैकल्टी और स्टाफ़) या ट्रस्ट बोर्ड के सदस्यों सहित यौन दुर्व्यवहार के बारे में जानने वालों के लिए</u>

जब किसी ज़िम्मेदार कर्मचारी को कथित यौन दुर्व्यवहार या हिंसा (जैसा कि यौन दुर्व्यवहार नीति 06-05- 01 की धारा VII. में और http://www.share.pitt.edu/confidentiality में परिभाषित किया गया है) के बारे में पता चलता है, जिसमें विश्वविद्यालय समुदाय का कोई सदस्य शामिल है, तो उसे चाहिए:

1. एक ज़िम्मेदार कर्मचारी के रूप में, आपको विश्वविद्यालय के ऑफ़िस ऑफ सिविल राइट्स और टाइटल IX से तुरंत संपर्क करना होगा (https://www.diversity.pitt.edu/civil-rights-title-ix-compliancecontact क्षेत्रीय टाइटल IX संपर्क के लिए जानकारी परिशिष्ट A में है)। यदि आपको लगता हैं कि किसी के लिए आसन्न नुकसान का खतरा है, तो आपको विश्वविद्यालय पुलिस विभाग से भी संपर्क करना चाहिए। हरेक पिट परिसर पुलिस विभाग की संपर्क जानकारी के लिए परिशिष्ट A देखें। आप स्थानीय पुलिस ब्यूरो या विभाग से संपर्क करने के लिए 911 पर कॉल कर सकते हैं।
2. पीड़ितों को उनके विकल्पों के बारे में अवगत कराएं जैसा कि ऊपर ए ("पीड़ितों के लिए") में सूचीबद्ध है
3. शुरू में ही पीड़ित के साथ बातचीत में समझाएं कि आप इस घटना की सिविल राइट्स और टाइटल नागरिक अधिकार IX कार्यालय को रिपोर्ट करने के लिए बाध्य हैं और आप एकदम से गोपनीयता बनाए नहीं रख सकते। गोपनीयता के बारे में अधिक जानकारी के लिए, परिशिष्ट B देखें।
4. यदि पीड़ित किसी ऐसे व्यक्ति के साथ बात करना चाहता है जो पूर्ण गोपनीयता (क्लेरी एक्ट के तहत एक अनिर्धारित क्राइम रिपोर्ट दर्ज़ करने के अलावा) बनाए रख सकता है, तो वह पीड़ित को गोपनीय संसाधनों जैसे विश्वविद्यालय परामर्श केंद्र (यूनिवर्सिटी काउंसेलिंग सेंटर) से 412-648-7930 पर या बलात्कार के ख़िलाफ़ पिट्सबर्ग एक्शन (पिट्सबर्ग एक्शन अगेंस्ट रेप, PAAR) में भेज सकता है। विश्वविद्यालय और सामुदायिक संसाधनों की सूची के लिए परिशिष्ट A देखें।
5. यदि पीड़ित आपको बताना चाहता है कि क्या हुआ है, लेकिन यह भी गोपनीयता बनाए रखना चाहता है, तो पीड़ित को सूचित करें कि एक ज़िम्मेदार कर्मचारी के रूप में, आपको ऑफ़िस ऑफ सिविल राइट्स और टाइटल IX को घटना की रिपोर्ट करना होगा और आप इस बात की गारंटी नहीं दे सकते कि गोपनीयता के लिए अनुरोध का विश्वविद्यालय सम्मान करने में सक्षम होगा, लेकिन यह ऑफ़िस ऑफ सिविल राइट्स और टाइटल IX सूचना को उस हद तक गोपनीय रखेगा जितना कानून द्वारा उसे ऐसा करने की अनुमति है और यह सुनिश्चित करें कि यह केवल उन लोगों के साथ साझा किया जाए जिन्हें जानने ज़रूरी है।
6. यदि पीड़ित आगे आता है, तो सहानुभूति के साथ सुनें। यदि उचित हो, तो पीड़ित को मदद, परामर्श या चिकित्सा सहायता लेने के लिए और/या छात्र आचरण कार्यालय (स्टूडेंट कन्डक्ट ऑफ़िस), ऑफ़िस ऑफ सिविल राइट्स और टाइटल IX या मानव संसाधन से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित करें, लेकिन दबाव न डालें। यदि कोई अपराध हो गया है, तो पीड़ित को कानून प्रवर्तन से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि भविष्य में स्थिति का पता लगाया जा सके और इसे रोका जा सके। उस व्यक्ति से किसी भी तरह की तत्काल ज़रूरतों के बारे में पूछें।
7. पीड़ितों को संसाधनों के बारे में जानकारी प्रदान करें (परिशिष्ट A देखें)।

विश्वविद्यालय और सामुदायिक संसाधनों की सूची के लिए परिशिष्ट A देखें। गोपनीयता की जानकारी के लिए परिशिष्ट B देखें।

D. <u>अन्य सभी के लिए रिपोर्ट करना</u>

1. यदि आपको लगता है कि कोई अपराध हुआ है, तो आप पिट पुलिस (पिट्सबर्ग परिसर के लिए 412-624-2121 पर; क्षेत्रीय परिसर पुलिस विभागों के लिए संपर्क जानकारी परिशिष्ट A में है) से संपर्क करके आपराधिक शिकायत दर्ज़ कर सकते हैं। आप स्थानीय पुलिस ब्यूरो या विभाग से संपर्क करने के लिए 911 पर कॉल कर सकते हैं।
2. आप पिट्सबर्ग पुलिस विभाग की वेब साइट (www.police.pitt.edu) पर एक गुमनाम रह कर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। बहरहाल, यह विकल्प रिपोर्ट का जवाब देने और उसकी जांच करने की विश्वविद्यालय की क्षमता को बहुत सीमित करता है।
3. यदि कथित हमलावर पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय का छात्र है, तो सभी पिट छात्र, फैकल्टी और स्टाफ़ विश्वविद्यालय के छात्र आचरण कार्यालय (412- 648-7910, 738 विलियम पिट यूनियन; न्यायिक मामलों/छात्र आचरण के कार्यालयों की संपर्क जानकारी परिशिष्ट A में है) के माध्यम से शिकायत दर्ज कर सकते हैं। यौन उत्पीड़न की शिकायतों को दर्ज करने और संसाधित करने से संबंधित सभी चरणों की रूपरेखा स्टूडेंट कोड ऑफ कंडक्ट तैयार करती है।
4. आप जांच के लिए विश्वविद्यालय के ऑफ़िस ऑफ सिविल राइट्स और टाइटल IX (412- 648-7860) में शिकायत दर्ज कर सकते हैं। क्षेत्रीय परिसरों के व्यक्ति सिविल राइट्स और टाइटल IX के स्थानीय कार्यालय के साथ भी अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। संपर्क जानकारी के लिए परिशिष्ट A देखें।
5. विश्वविद्यालय समुदाय के सभी सदस्य AlertLine (866- 858-4456 या http://pitt.alertline.com) पर गुमनाम शिकायतें दर्ज कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय और सामुदायिक संसाधनों की सूची के लिए परिशिष्ट A देखें। गोपनीयता की जानकारी के लिए परिशिष्ट B देखें।

E. <u>जहां पीडित नाबालिग है (18 वर्ष से कम आयु का कोई भी)</u>

विश्वविद्यालय से संबद्ध कोई भी व्यक्ति जिस पर बाल शोषण समेत, लेकिन बाल शोषण तक ही यह सीमित नहीं है, का संदेह करने का उचित कारण है, तो ChildLine को www.compass.state.pa.us/cwis पर या 1-800-932- 0313 पर कॉल करके तत्काल और सीधे रिपोर्ट करें। इसके तुरंत बाद, व्यक्ति को विश्वविद्यालय पुलिस या जनरल काउंसिल ऑफ़िस को तत्काल और सीधे रिपोर्ट भी करनी होगी। ऐसे किसी के ख़िलाफ़, जो संदिग्ध बाल उत्पीड़न की रिपोर्ट नेकनीयती से करता है या जो संबंधित जांच में भाग लेता है, प्रतिशोध सख्त वर्जित है। बाल उत्पीड़न की रिपोर्टिंग के बारे में अधिक जानकारी यहां उपलब्ध है: http://keepkidssafe.pa.gov/ यह भी देखें: http://www.hr.pitt.edu/protecting- children/faqs

III. जांच और समाधान प्रक्रियाओं को समझना

एक बार यौन दुर्व्यवहार[1] की रिपोर्ट आने के बाद, विश्वविद्यालय उचित कार्रवाई करने के लिए जांच करेगा। जांच करने, सहयोग करने के लिए दबाव डालने या उन लोगों के ख़िलाफ़, जो विश्वविद्यालय समुदाय के सदस्य नहीं हैं, प्रतिबंध लगाने का अधिकार विश्वविद्यालय के अधिकारी को है। फिर भी, विश्वविद्यालय उचित कार्रवाई करने का प्रयास करेगा। अतिथि व्याख्याताओं, स्वयंसेवकों, ठेकेदारों और आगंतुकों के ख़िलाफ़ शिकायतों की जांच और यथोचित कार्रवाई के लिए ऑफ़िस ऑफ सिविल राइट्स और टाइटल IX को भेजा जाएगा।

इस प्रक्रिया के तहत जांच करते समय, विश्वविद्यालय का प्राथमिक ध्यान यौन दुर्व्यवहार पर केंद्रित करने पर होगा। पाए गए अन्य नीति उल्लंघनों की मामले को अन्य प्रक्रिया के लिए भेजा जा सकता है।

A. <u>प्राथमिक जांच</u>

ऑफ़िस ऑफ सिविल राइट्स और टाइटल IX को यौन दुर्व्यवहार की सूचना मिल जाने पर एक जांचकर्ता ("जांचकर्ता") उसकी प्रारंभिक जांच करेगा। जहां प्रतिवादी (यानी, अभियुक्त) एक कर्मचारी है, वहां ऑफ़िस ऑफ़ सिविल राइट्स और टाइटल IX अध्यक्ष, डीन, निदेशक, पर्यवेक्षक, ज़िम्मेदारी केंद्र के प्रमुख या पदाधिकारी के साथ प्रारंभिक पूछताछ का समायोजन करेगा। अन्य सभी मामलों के लिए, जांचकर्ता एक प्रारंभिक जांच करना जारी रखेगा, जिसमें आम तौर पर शिकायतकर्ता, प्रतिवादी, अध्यक्ष, डीन, निदेशक, पर्यवेक्षक, जिम्मेदारी केंद्र प्रमुख या पदाधिकारी के साथ साक्षात्कार और कभी-कभी प्रासंगिक दस्तावेजों की समीक्षा शामिल हैं।

इसके बाद जांचकर्ता यह निर्धारित करेगा कि एकत्रित की गई जानकारी यह सूचित करती है या नहीं कि शिकायत नीति के अंतर्गत आती है। यदि यह निर्धारित हो जाता है कि शिकायत नीति के अंतर्गत आती है, तो जांचकर्ता यह निर्धारित करेगा कि प्रक्रिया को अनौपचारिक प्रक्रिया, औपचारिक प्रक्रिया या किसी विश्वविद्यालय की अन्य प्रक्रिया के लिए आगे बढ़नी चाहिए या नहीं। जांचकर्ता कई कारकों की समीक्षा करके इसे निर्धारण करेगा:

1. शिकायतकर्ता और प्रतिवादी की इच्छा;
2. व्यवहार के एक पैटर्न का महत्व; और
3. व्यवहार या कार्य की प्रकृति और गंभीरता।

इसके बाद शिकायत का समाधान करने के लिए यथोचित अगले कदम के रूप में एक फैसला किया जाएगा, जिसमें निम्नलिखित में से एक शामिल होगा:

1. औपचारिक प्रक्रिया;
2. अनौपचारिक प्रक्रिया;
3. विश्वविद्यालय की अन्य प्रक्रिया; या
4. प्रक्रिया समाप्त।

प्रारंभिक पूछताछ समाप्त होने पर जांचकर्ता की ओर से शिकायतकर्ता और प्रतिवादी को तुरंत सूचित किया जाएगा। यदि यह पाया जाता है कि रिपोर्ट किये गए मामले की शिकायत नीति के अंतर्गत नहीं आती है और जांच के दौरान पाया गया कि यह अन्य संभावित नीति उल्लंघनों (किसी भी प्रासंगिक जानकारी सहित) के अंतर्गत नहीं आता है, तो उसे विश्वविद्यालय की अन्य प्रक्रियाओं के लिए भेजा जा सकता है।

---

[1] जैसा कि नीति CS 20 के अनुच्छेद I में उल्लिखित है, यहाँ वर्णित किसी भी निषिद्ध आचरण की सीमा तक अन्यथा नीति CS 27, टाइटल IX के तहत विशेष रूप से परिभाषित "यौन उत्पीड़न" माना जाएगा, इस तरह के सभी आचरण नीति CS 27 और इसकी प्रक्रिया के तहत संबोधित किए जाएंगे। "यौन उत्पीड़न" का कोई संदर्भ यहां केवल उस शब्द से संबद्ध है जैसा कि इस नीति और प्रक्रिया के तहत इसे लिया गया है।

B. <u>विश्वविद्यालय के अंतरिम उपाय या कार्रवाई</u>

प्रारंभिक पूछताछ करने के अलावा, जांचकर्ता को यौन दुर्व्यवहार की शिकायत में शामिल व्यक्तियों की सुरक्षा और कल्याण की रक्षा के लिए अंतरिम कार्रवाइयों या उपायों के कार्यान्वयन की सुविधा मुहैया करने की आवश्यकता हो सकती है। इसमें शामिल लोगों की सुरक्षा के लिए विश्वविद्यालय जो भी उपयुक्त हो या कानूनी रूप से समर्थित हो; अंतरिम या उपचारात्मक उपायों पर विचार करेगा। इन उपायों को यथासंभव शीघ्र लागू किया जाएगा। आम तौर पर, ऐसे कार्यों में निम्नलिखित शामिल हैं, लेकिन इतने तक ही सीमित नहीं हैं:

1. प्रतिवादी को सूचित करें कि उसके ख़िलाफ़ शिकायत की गई है;
2. दोनों पक्षकारों को नीति की एक प्रति प्रदान करें;
3. कोई संपर्क आदेश दर्ज नहीं करने के लिए अध्यक्ष, डीन, पर्यवेक्षक, ज़िम्मेदारी केंद्र के प्रमुख, या पदाधिकारी के साथ काम करें। कोई भी संपर्क नहीं करने के आदेश के साथ सहयोग करने या इसका सम्मान करने में विफलता के परिणामस्वरूप परिसर में पक्षकार की उपस्थिति और अन्य अनुशासनात्मक कार्रवाई को प्रतिबंधित किया जा सकता है;
4. प्रक्रिया के लंबित रहने के दौरान सुरक्षा मुद्दों तथा शिकायतकर्ता और प्रतिवादी की चिंताओं पर विचार करते हुए जैसा भी संभव और यथोचित हो; संस्थान वैकल्पिक कार्य व्यवस्था, रहने की व्यवस्था, भोजन की सुविधा, कक्ष का शेड्यूल या सलाहकार/पर्यवेक्षक व्यवस्था करता है;
5. छात्रों के लिए, उपयुक्त शैक्षिक सहायता प्रदान करना, जैसे कि ट्यूशन या किसी कक्षा या कक्षाओं से वापस ले जाने या लाने की अनुमति देना;
6. हरेक पक्षकार और कोई भी गवाह हो, तो वह इस प्रक्रिया में उल्लिखित गोपनीयता की अपेक्षा को स्वीकार करता है;
7. सभी पक्षकारों और कोई गवाह हो तो उन्हें सलाह दें कि वे यौन दुर्व्यवहार की शिकायत में शामिल किसी भी पक्षकार या किसी भी गवाह के ख़िलाफ़ प्रतिशोध की कार्रवाई न करें।
8. शिकायतकर्ता और प्रतिवादी के अधिकारों की उपयुक्त के रूप से प्रबंधन में सहायता करने के लिए शिकायत के बारे में अध्यक्ष, डीन, निदेशक, पर्यवेक्षक, जिम्मेदारी केंद्र प्रमुख या पदाधिकारी को सूचित करें।

विश्वविद्यालय को अंतरिम अलगाव या निलंबन लागू करने का अधिकार है, जो विश्वविद्यालय के अन्य हैंडबुक, नीतियों या प्रक्रियाओं या स्टूडेंट कोड ऑफ कंडक्ट के अनुरूप है।

C. <u>जांचकर्ता की भूमिका</u>

जैसा कि ऊपर दिए गए प्रारंभिक पूछताछ अनुभाग में कहा गया है, ज्यादातर मामलों में, जांचकर्ता अध्यक्ष, डीन, निदेशक, पर्यवेक्षक, ज़िम्मेदारी केंद्र के प्रमुख, या पदाधिकारी के साथ मिलकर प्रारंभिक पूछताछ करेगा। जहां स्टूडेंट कोड ऑफ कंडक्ट के तहत मामला आगे नहीं बढ़ता है, और जहां प्रारंभिक पूछताछ इंगित करती है कि आरोप सही नीति के तहत आते हैं, तो जांचकर्ता की भूमिका आम तौर पर, अंतरिम उपायों के साथ सहायता करने के लिए और/या शिकायत की एक त्वरित और गहन जांच करने के लिए पक्षकारों को संसाधन संबंधी जानकारी प्रदान करनी होगी। अधिकांश जांच में गवाहों की पहचान करना और उनका साक्षात्कार करना, प्रासंगिक दस्तावेज़ एकत्र करना और अन्य प्रासंगिक जानकारी की पहचान करना शामिल है।

चल रही जांच की संख्या और/या शिकायत की प्रकृति और जटिलता के आधार पर, ऑफ़िस ऑफ़ सिविल राइट्स एण्ड टाइटल IX जांच कर सकता है या यथोचित रूप से प्रशिक्षित जांचकर्ता को मामला सौंप सकता है।

विश्वविद्यालय समुदाय के सभी सदस्यों को सहयोग करने और पूछताछ और जांच में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जो अनुरोध के अनुसार सुनवाई पैनल के समक्ष पेश होते हैं, और शिकायतों के समाधान और लागू किए गए प्रतिबंधों के कार्यान्वयन में सहयोग करते हैं। स्टूडेंट कोड ऑफ कंडक्ट के अनुसार, छात्रों को इसमें सहयोग करने और भाग लेने की आवश्यकता हो सकती है।

D. औपचारिक प्रक्रिया के ज़रिए नीति के उल्लंघन का पता लगाने में विश्वविद्यालय की भूमिका

विश्वविद्यालय ऐसे मामलों में नीति के उल्लंघनों को संबोधित कर सकता है जिसमें शिकायतकर्ता शिकायत करने को तैयार नहीं है और विश्वविद्यालय यह तय करता है कि नीति के तहत औपचारिक प्रक्रिया के साथ आगे बढ़ना आवश्यक है। विश्वविद्यालय समुदाय का कोई भी सदस्य स्टूडेंट कोड ऑफ कंडक्ट प्रक्रिया या यहां बताई गई प्रक्रिया के ज़रिए आगे बढ़ सकता है। फ़ाइल करने वाले पक्षकार के पास वही अधिकार और ज़िम्मेदारियां होंगी जो शिकायतकर्ता को होंगी, जैसा कि इस प्रक्रिया या स्टूडेंट कोड ऑफ़ कन्डक्ट में उल्लिखित हैं।

E. <u>The Informal Process</u>

अनौपचारिक प्रक्रिया जागरूकता, शिक्षा और/या एक सहूलियतपूर्ण चर्चा के ज़रिए शिकायत का समाधान करने का एक अवसर है। ऑफ़िस ऑफ़ सिविल राइट्स एण्ड टाइटल IX अध्यक्ष, डीन, निदेशक, पर्यवेक्षक, ज़िम्मेदारी केंद्र के प्रमुख या पदाधिकारी या मानव संसाधन कार्यालय के साथ मिलकर अनौपचारिक प्रक्रिया का समन्वय करता है। एक अनौपचारिक प्रक्रिया के दौरान कोई औपचारिक जांच नहीं की जाती है, यह निर्धारित करने के लिए कि नीति का उल्लंघन किया गया है या नहीं।

अनौपचारिक प्रक्रिया का उपयोग केवल कथित दुर्व्यवहार के लिए किया जा सकता है, जिसमें यौन हमला या हिंसा शामिल नहीं है।

शिकायतकर्ता को अनौपचारिक प्रक्रिया को समाप्त करने और औपचारिक प्रक्रिया शुरू करने का अधिकार है, बशर्ते शिकायतकर्ता ऐसा करना चाहता है।

1. चरण 1: सहूलियतपूर्ण समाधान
   छात्र आचरण अधिकारी, अध्यक्ष, डीन, निदेशक, पर्यवेक्षक, ज़िम्मेदारी केंद्र के प्रमुख या पदाधिकारी या मानव संसाधन कार्यालय के साथ मिल कर जांचकर्ता प्रारंभिक पूछताछ के दौरान एकत्रित जानकारी का उपयोग करता है; ताकि शिकायत का उचित समाधान किया जा सके। जांचकर्ता यह निर्धारित कर सकता है कि अनौपचारिक प्रक्रिया एक उपयुक्त पदाधिकारी (मिसाल के तौर पर छात्रों के लिए, एक आवासीय संयोजक या अन्य पदाधिकारी; स्टाफ़ के लिए, एक मानव संसाधन प्रतिनिधि; फैकल्टी के लिए, अध्यक्ष, डीन, निदेशक, पर्यवेक्षक, ज़िम्मेदारी केंद्र के प्रमुख या पदाधिकारी; ट्रस्टी के लिए ऑफ़िस ऑफ़ सिविल राइट्स एण्ड टाइटल IX) के द्वारा आगे बढ़ाया जा सकता है।

   निम्नलिखित संभावित विकल्पों की मिसालें हैं, जिनमें से एक या एक से अधिक का उपयोग अनौपचारिक शिकायत के समाधान के लिए किया जा सकता है।

   a. प्रतिवादी और/या शिकायतकर्ता और/या उस विभाग या क्षेत्र को जिसके व्यवहार पर सवाल उठाया जा रहा है, उसे नीति की एक प्रति वितरित करें;
   b. नीति के बारे में प्रतिवादी या सभी पक्षकारों को शिक्षित करना;
   c. नामित विभाग/स्कूल/विश्वविद्यालय संस्थान के लिए एक यौन दुर्व्यवहार शैक्षिक कार्यशाला का संचालन करना;

d. कथित अनुचित व्यवहार के बारे में जागरूकता बढ़ाने और विश्वविद्यालय के संभावित परिणामों के बारे में नोटिस प्रदान करने के लिए प्रतिवादी से मिलें;
e. शिकायतकर्ता, प्रतिवादी और जांचकर्ता के समझौते के साथ सहूलियतपूर्ण चर्चा की गई;
f. जहां तक संभव हो, संस्थान वैकल्पिक कार्य व्यवस्था, रहने की व्यवस्था, कक्षा शेड्यूल, भोजन की सुविधा या सलाहकार/पर्यवेक्षक की व्यवस्था;
g. ट्यूशन, या एक कक्षा या कक्षाओं में लाने या वापस ले जाने की अनुमति जैसे उपयुक्त शैक्षिक सहायता पहुंच प्रदान करें; और/या
h. संपर्क सीमित करें या प्रतिवादी और शि

2. चरण 2: अनौपचारिक समाधान का दस्तावेज़

अनौपचारिक प्रक्रिया के समापन पर, जांचकर्ता द्वारा शिकायतकर्ता और प्रतिवादी और अन्य उपयुक्त विश्वविद्यालय के अधिकारियों को प्रक्रिया के परिणाम(मों) का सारांश पत्र भेजा जाएगा।

यदि मामला शिकायतकर्ता की संतुष्टि या अनौपचारिक प्रक्रिया का उपयोग करने वाले प्रतिवादी द्वारा हल नहीं किया जाता है, और/या ऑफ़िस ऑफ़ सिविल राइट्स एण्ड टाइटल IX निर्धारित करता है कि मामले को औपचारिक प्रक्रिया के माध्यम से हल किया जाना चाहिए, तो शिकायतकर्ता, प्रतिवादी और/या विश्वविद्यालय औपचारिक प्रक्रिया को आगे बढ़ा सकते हैं। ऐसे उदाहरण में, शिकायतकर्ता, प्रतिवादी और/या विश्वविद्यालय अनौपचारिक परिणाम पत्र प्राप्त होने की तारीख के पांच (5) व्यावसायिक दिनों के भीतर जांचकर्ता को एक लिखित अनुरोध सबमिट करके औपचारिक प्रक्रिया का उपयोग करने का अनुरोध कर सकते हैं।

F. <u>औपचारिक प्रक्रिया</u>

यौन दुर्व्यवहार की शिकायतों की औपचारिक प्रक्रिया काफी हद तक प्रतिवादी (यानी, अभियुक्त) की पहचान पर निर्भर करती है। निम्नलिखित सामान्य नियम लागू होते हैं, हालांकि विश्वविद्यालय की जटिलता और कभी-कभी कई भूमिकाओं वाले लोग के कारण विश्वविद्यालय लागू किए जाने वाली यथोचित प्रक्रिया निर्धारित करने के लिए विवेक का सहारा लेता है। इसके अलावा, ऑफ़िस ऑफ़ सिविल राइट्स के मार्गदर्शन के अनुरूप, सुनवाई या अपील बोर्डों के सदस्य छात्र नहीं होंगे।

1. छात्र प्रतिवादी के लिए

जहां प्रतिवादी पक्ष एक छात्र है, औपचारिक प्रक्रिया को स्टूडेंट कोड ऑफ़ कन्डक्ट में बताई गई मौजूदा प्रक्रिया द्वारा नियंत्रित किया जाएगा। वर्तमान प्रक्रिया हमेशा लागू होगी और यह सविस्तर student conduct.pitt.edu पर पाया जा सकता है।

जांचकर्ता किसी भी ऐसी प्रक्रिया के दौरान, विचार के लिए स्टूडेंट कोड ऑफ़ कन्डक्ट की प्रक्रिया के दौरान प्रारंभिक पूछताछ में एकत्रित या प्रस्तुत किए गए किसी भी दस्तावेज़ को प्रस्तुत कर सकता है। इसके अलावा, जहां प्रतिवादी पक्षकार एक छात्र है, जांचकर्ता स्टूडेंट कोड ऑफ़ कन्डक्ट के तहत आगे बढ़ सकता है और कोड प्रक्रिया में एक गवाह के रूप में कार्य कर सकता है।

2. ऐसे प्रतिवादी के लिए जो हैं: फैकल्टी, स्टाफ़, पोस्ट-डॉक्टरल एसोसिएट/स्कॉलर, रिसर्च एसोसिएट, अनुबंध कर्मचारी या ट्रस्टी बोर्ड के सदस्य

ऑफ़िस ऑफ़ सिविल राइट्स एंड टाइटल IX, स्टूडेंट कंडक्ट ऑफ़िस के साथ मिलकर अध्यक्ष, डीन, निदेशक, सुपरवाइजर, ज़िम्मेदारी केंद्र के प्रमुख या पदाधिकारी, गवाह का साक्षात्कार शामिल करने और अन्य सबूतों की

समीक्षा करने के लिए जांच करेगा। जांच का कार्य यह निर्धारित करना है कि नीति का उल्लंघन किया गया है या नहीं और/या उपयुक्त अनुमोदन की अनुशंसा की गई है या नहीं।

जांचकर्ता यह दर्शाते हुए कि नीति का उल्लंघन हुआ है या नहीं और नीति में परिभाषित यौन दुर्व्यवहार का प्रकार और इस निष्कर्ष का कारण तथा अनुशंसित प्रतिबंध (यदि लागू हो) इन निष्कर्षों की एक रिपोर्ट बनाएगा। अगर जांच यह स्थापित करती है कि नीति का उल्लंघन सबूतों के बहुतायत के कारण हुआ था, तो जांचकर्ता और उपयुक्त प्रशासक अध्यक्ष, डीन, निदेशक, पर्यवेक्षक, ज़िम्मेदारी केंद्र के प्रमुख या पदाधिकारी के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले अनुशंसित प्रतिबंधों का निर्धारण करेगा। प्रतिबंध अपराध और/या विश्वविद्यालय नीति के पूर्व उल्लंघनों की प्रकृति और गंभीरता पर आधारित होंगे। जांचकर्ता शिकायतकर्ता और प्रतिवादी को एक निष्कर्ष पत्र वितरित करेगा, उसी समय में या उसी समय के आसपास, जो भी संभव हो,और एक पूरी रिपोर्ट अध्यक्ष, डीन, निदेशक, पर्यवेक्षक, जिम्मेदारी केंद्र के प्रमुख या पदाधिकारी को भी भेजेगा। इस रिपोर्ट की एक प्रति ऑफ़िस ऑफ़ सिविल राइट्स एण्ड टाइटल IX या अन्य उपयुक्त कार्यालय में फाइल पर रखी जाएगी।

जांचकर्ता अपील या निर्धारण और/या अनुमोदन के बारे में शिकायतकर्ता और प्रतिवादी को भी सूचित करेगा, जैसा कि धारा IV, हैंडलिंग अपील में दिया गया है।

शिकायत प्रक्रिया पूरी होने तक प्रतिबंध नहीं लगाए जाएंगे, जब तक कि परिणाम की अपील के लिए समय नहीं निकल जाता है या जब तक कि ऐसी किसी अपील के संबंध में कोई निर्धारण नहीं किया जाता है, इसके समेत, जो भी लागू हो।

IV. अपील हैंडिलिंग

अपील प्रक्रिया प्रतिवादी (यानी, अभियुक्त) की पहचान पर निर्भर करती है।

A. छात्र प्रतिवादी के लिए

जहां प्रतिवादी पक्षकार एक छात्र है, वहां अपील प्रक्रिया स्टूडेंट कोड ऑफ़ कन्डक्ट में बताई गई मौजूदा प्रक्रिया द्वारा नियंत्रित की जाएगी। मौजूद प्रक्रिया विस्तृत है और student conduct.pitt.edu में पाया जा सकता है।

B. फैकल्टी या स्टाफ़ प्रतिवादी के लिए

जहां प्रतिवादी पक्षकार फैकल्टी या स्टाफ़ सदस्य है, वहां व्यवसाय और संचालन के लिए प्रोवोस्ट या सीनियर वाइस चांसलर को कोई अपील की जानी चाहिए।

ऐसे मामलों में जहां विश्वविद्यालय बायलॉज के तहत प्रक्रिया में अनुशंसित अनुशासन के कारण, समय से पहले नियुक्ति की समाप्ति शामिल है, और यह अपील प्रक्रिया नहीं है, वहां यह लागू होती है। बहरहाल, किसी भी लागू कानून के तहत ठोस और प्रक्रियात्मक आवश्यकताएं लागू रहती हैं, वहां यह लागू राहत है।

अन्य मामलों में, प्रोवोस्ट या सीनियर वाइस चांसलर तीन (3) व्यक्तियों की अपील बोर्ड की नियुक्ति करेंगे। अपील बोर्ड के दो सदस्य फैकल्टी के होंगे, जो यूनिवर्सिटी रिव्यू बोर्ड ("URB") के सदस्य होंगे; तीसरे सदस्य को प्रोवोस्ट या वाइस चांसलर द्वारा बहुत सारे व्यक्तियों में से नियुक्त किया जाएगा, जिन्होंने ऑफ़िस ऑफ़ सिविल राइट्स एण्ड टाइटल IX से यथोचित प्रशिक्षण प्राप्त किया है और इसमें शामिल पक्षकारों की नियुक्ति स्थिति के अनुरूप होगी। ऑफ़िस ऑफ़ सिविल राइट्स के मार्गदर्शन के अनुरूप, छात्र सुनवाई या अपील बोर्डों के सदस्य नहीं होंगे।

लिखित निर्णय की प्राप्ति के दस (10) दिनों के भीतर प्रोवोस्ट या वाइस चांसलर के कार्यालय में अपील सबमिट

करनी होगी और अपील के लिए आधार निर्दिष्ट करना होगा। अपील बोर्ड मामले के तथ्यों की फिर से सुनवाई या पुनर्निर्धारण नहीं करेगा, बल्कि केवल इस बात की समीक्षा करेगा कि निर्णय तीन सीमित आधारों में से एक से भटका है या नहीं, जिस आधार पर अपील दायर की जा सकती है, जो कि इस प्रकार हैं:

1. जांचकर्ता के लिए नई जानकारी उपलब्ध नहीं है, जो यदि जांच के समय उपलब्ध है, तो इससे निर्णय पर काफी असर पड़ेगा;
2. ऐसे साक्ष्य जिसमें स्थापित प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया था, वह निर्णय को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करेगा, और/या;
3. उल्लंघन की गंभीरता को देखते हुए प्रतिबंध काफी हद तक असंगत हैं।

अपील बोर्ड यह निर्धारित करता है कि अपील, अपील के लिए सबमिट रिपोर्ट और प्रतिबंधों की समीक्षा और अन्य संबंधित दस्तावेज़ या वक्तव्य तीन आधारों में से किसी एक के अंतर्गत आती है या नहीं।

आम तौर पर, अगर एक अपील बोर्ड को लगता है कि अपील इन किसी भी आधार पर मान्य है #1 (पर्याप्त नए सबूत उपलब्ध नहीं थे जो निर्णय को प्रभावित करते) या #2 (साक्ष्य स्थापित करने वाली प्रक्रियाओं को इस तरीके से अनुमति नहीं दी गई थी जिससे निर्णय प्रभावित हो), अपील बोर्ड इस समस्या को दूर करने के लिए अपीलकर्ता को जांचकर्ता और उपयुक्त प्रशासक को वापस भेज देगा।

जैसा कि अपील आधार #3 (उल्लंघन की गंभीरता को देखते हुए प्रतिबंध पर्याप्त रूप से असंगत था), अपील बोर्ड मौजूदा लिखित रिकॉर्ड की समीक्षा के आधार पर निष्कर्ष और प्रतिबंध के बारे में प्रोवोस्ट या वाइस चांसलर के पास जाने की सिफारिश करेगा। एक ऐसा प्रतिबंध, जो शुरूआती सिफारिश की तुलना में अधिक या उससे कम है, समेत, अपील बोर्ड द्वारा सुझाया गया प्रतिबंध, जांच के बाद लगाए गए प्रतिबंध ही तुलना में अलग हो सकती है।

आम तौर पर, अपील बोर्ड को तीस (30) दिनों के भीतर अपना काम पूरा करना चाहिए।

प्रोवोस्ट या सीनियर वाइस चांसलर अपील बोर्ड की सिफारिश की समीक्षा करेंगे और अंतिम निर्णय देंगे। उस निर्णय को प्रतिवादी, शिकायतकर्ता, जांचकर्ता और उपयुक्त प्रशासकों को लिखित रूप में सूचित किया जाएगा (जैसे, प्रतिवादी का उपयुक्त जिम्मेदारी केंद्र प्रमुख को)।

प्रोवोस्ट या सीनियर वाइस चांसलर अपील बोर्ड से सिफारिश प्राप्त करने के तीस (30) दिनों के भीतर जवाब देंगे। सीनियर वाइस चांसलर का निर्णय हो अंतिम होगा।

V. परिशिष्ट A: विश्वविद्यालय और समुदायिक संसाधन (यूनिवर्सिटी एंड कम्युनिटी रिसोर्सेज़)

A. तमाम परिसर के लिए विश्वविद्यालय संसाधन

ऑफ़िस ऑफ़ सिविल राइट एण्ड टाइटल IX का

titleixcoordinator@pitt.edu

ऑफ़िस ऑफ़ डायएण्ड इंक्लुशन (विविधता और समावेश का कार्यालय)

2nd Floor Webster Hall

4415 Forbes Ave.

Pittsburgh, PA 15260

412-648-7860 (सुबह 8:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक, सोमवार से शुक्रवार)

लाइफ सोल्यूशन फॉर फैकल्टी एण्ड स्टाफ़
http://www.hr.pitt.edu/lifesolutions

B. **पिट्सबर्ग परिसर के लिए अतिरिक्त संसाधन**

छात्रों के लिए विश्वविद्यालय परामर्श केंद्र

कल्याण केंद्र

2nd Floor, Nordenberg Hall

412-648-7930 (सोमवार-शुक्रवार सुबह 8:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक) 412- 648-7859 (व्यावसायिक घंटों के बाद)

छात्र स्वास्थ्य सेवा

कल्याण केंद्र

2nd Floor, Nordenberg Hall

412-383-1800 (सोमवार, मंगलवार, गुरुवार सुबह 8:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक; बुधवार, शुक्रवार सुबह 8:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक

शनिवार सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक, सिर्फ फॉल/स्प्रिंग के दौरान

ऑफ़िस ऑफ़ स्टूडेंट कन्डक्ट

738 William Pitt Union

412-648-7910 (सोमवार-शुक्रवार सुबह 8:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक)

यूनिवर्सिटी ऑफ़ पिट्सबर्ग पुलिस डिपार्टमेंट

3412 Forbes Avenue

412-624-2121 (आपातकालीन, ग़ैर-परिसर फोन) 412-624-4040 (ग़ैर-आपातकालीन नंबर)
http://www.police.pitt.edu

ऑन कैंपस आपातकाल

412-624-2121 (या कैंपस फोन से 4-2121)

C. क्षेत्रीय परिसरों के लिए अतिरिक्त संसाधन

यूनिवर्सिटी ऑफ़ पिट्सबर्ग ब्रैडफोर्ड रिसोर्सेज़

ब्रैडफोर्ड कैंपस
814-362-5121
242 Hanley Library
300 कैंपस ड्राइव
Bradford, PA 16701
clclark@pitt.edu

ब्रैडफोर्ड कैंपस पुलिस

814-362-3211
300 कैंपस ड्राइव
Bradford, PA 16701

ब्रैडफोर्ड स्टूडेंट अफ़ेयर्स जुडिसियल ऑफ़िस
814-362-5084
213 Frame-Westerberg Commons
300 कैंपस ड्राइव
Bradford, PA 16701 binder@pitt.edu

ब्रैडफोर्ड स्टूडेंट काउंसेलिंग एण्ड हेल्थ सर्विसेज़
814-362-5272
226 Frame-Westerberg Commons
300 कैंपस ड्राइव
Bradford, PA 16701

यूनिवर्सिटी ऑफ़ पिट्सबर्ग ग्रीन्सबर्ग रिसोर्सेज

ग्रीन्सबर्ग कैंपस
724-836-9902
150 Finoli Drive
108 Lynch Hall
Greensburg, PA 15601
msk59@pitt.edu

ग्रीन्सबर्ग कैंपस पुलिस
724-836-9865
150 Finoli Drive
Greensburg, PA 15601-5860

ब्रैडफोर्ड स्टूडेंट अफ़ेयर्स ज्यूडीशियल ऑफ़िसर
724-836-9954
219F Chambers Hall
150 Finoli Drive
Greensburg, PA 15601
leigh@pitt.edu

ग्रीन्सबर्ग स्टूडेंट काउंसलिंग सर्विसेज़
724-836-9870
217 Chambers Hall
150 Finoli Drive
Greensburg, PA 15601-5860
gaylep@pitt.edu

<u>यूनिवर्सिटी ऑफ़ पिट्सबर्ग जॉन्सटाउन रिसोर्सेज</u>

जॉन्सटाउन रिसोर्सेज

814-269-7070
248 Blackington Hall
450 Schoolhouse Road
Johnstown PA 15904 lpt@pitt.edu

जॉन्सटाउन कैंपस पुलिस

814-269-7005 (ग़ैर-आपातकालीन)

814-269-7222 (आपातकालीन)

450 Schoolhouse Road
Johnstown, PA 15904

जॉन्सटाउन स्टूडेंट अफ़ेयर्स ज्यूडीशियल ऑफ़िसर

814-269-7062
142 Union, Johnstown, PA 15904 tshaffer@pitt.edu

जॉन्सटाउन स्टूडेंट काउंसेलिंग सर्विसेज़

814-269-7119
G-10 Student Union
450 School House Road Johnstown, PA 15904

<u>यूनिवर्सिटी ऑफ़ पिट्सबर्ग टाइटसविले रिसोर्सेज़</u>

टाइटसविले कैंपस पुलिस

814-827-4488
112 Davis Hall
224 N. Brown Street Titusville, PA 16354

D. <u>कम्युनिटी रिसोर्सेज</u>

<u>पिट्सबर्ग एक्शन अगेन्स्ट रेप</u>

1-866-363-7273 (24 घंटे)

<u>सेंटर फ़ॉर विक्टम्स</u>

412-392-8582 (24 घंटे)

<u>विमेन'स सेंटर एण्ड शेल्टर ऑफ़ ग्रेटर पिट्सबर्ग</u>
412-687-8005

<u>पिट्सबर्ग ब्यूरो ऑफ़ पुलिस</u>
911

[मेगी-विमेन्स हॉस्पिटल ऑफ़ UPMC]
412-641-4933 (आपातकालीन कक्ष)

UPMC प्रेस्बिटेरियन हॉस्पिटल
412-647-3333 (आपातकालीन कक्ष)

एलेघेनी काउंटी हेल्थ डिपार्टमेंट (ऑकलैंड)
412-578-8080

ब्रैडफ़ोर्ड, PA कम्युनिटी रिसोर्सेज़

ब्रैडफ़ोर्ड YWCA / मैककेन काउंटी विक्टम्स' रिसोर्स सेंटर
1-888-822-6325 (24 घंटे)

द गाइडेंस सेंटर क्राइसिस इंटरवेंशन लाइन
1-800-459-6568 (24 घंटे)

ब्रैडफोर्ड रीजनल मेडिकल सेंटर इमर्जेंसी डिपार्टमेंट:
814-362-8274

विमेन'स हेल्थ सर्विसेज़:
814-362-8480

ग्रीन्सबर्ग, PA कम्युनिटी रिसोर्सेज़

ब्लैकबर्न सेंटर अगेन्स्ट डॉमेस्टिक एण्ड सेक्शुअल वॉइलेंस, ग्रीन्सबर्ग
724-836-1122

वेस्टमोरलैंड काउंटी क्राइसेस हॉटलाइन
1-800-836-6010

पेन्सिलवेनिया स्टेट पुलिस फ़ॉर हेम्पफील्ड टाउनशिप
724-832-3288

एक्सेला हेल्थ वेस्टमोरलैंड हॉस्पिटल
724-832-4355 (आपातकालीन कक्ष)

जॉन्सटाउन, PA कम्युनिटी रिसोर्सेज

विक्टम्स' सर्विसेज़, Inc. of Johnstown
814-288-4961 या 1-800-755-1983

विमेन'स हेल्प सेंटर ऑफ़ जॉन्सटाउन
814-536-5361 या 1-800-999-7406

रिचलैंड टाउनशिप पुलिस डिपार्टमेंट
814-266-8333

कॉनमॉफ मेमोरियल मेडिकल सेंटर

814-534-9100 (आपातकालीन कक्ष)

विंडबर मेडिकल सेंटर

814-467-3719 (आपातकालीन कक्ष)

<u>टाइटसविले, PA कम्युनिटी रिसोर्सेज</u>

टाइटसविले एरिया हॉस्पिटल
814-827-1851

PPC वॉइलेंस फ़्री नेटवर्क

1-800-243-4944 (24 घंटे)

विमेन'स सर्विसेज़ टाइटसविले

814-333-9766 (24 घंटे)

VI. परिशिष्ट B: गोपनीयता

A. <u>कर्मचारी प्रकार और गोपनीयता संबंधी उनकी जिम्मेदारियां</u>

परिसर के विभिन्न कर्मचारियों में पीड़ित की गोपनीयता को बनाए रखने की अलग-अलग सामर्थ्य होती हैं।

1. **पेशेवर और पादरी काउंसलरों के लिए विशेषाधिकार प्राप्त और गोपनीय संचार:**
   पेशेवर, लाइसेंस प्राप्त काउंसलर और पादरी काउंसलर, जो विश्वविद्यालय समुदाय के सदस्यों को मानसिक-स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान करते हैं (और उन लोगों समेत, जो एक लाइसेंस प्राप्त परामर्शदाता की देखरेख में उस भूमिका में हैं) पीड़ित की अनुमति के बिना टाइटल IX संयोजक को किसी घटना के बारे में कोई जानकारी देने की आवश्यकता नहीं है।

   पेशेवर और पादरी काउंसलरों के लिए संपर्क संबंधी जानकारी:

   यूनिवर्सिटी ऑफ़ पिट्सबर्ग एसोसिएशन ऑफ़ चैप्लैन्कीस:
   http://www.pitt.edu/~chaplain/

2. **मेडिकल स्टाफ और काउंसलरों के लिए विशेषाधिकार प्राप्त और गोपनीय संचार:**

   फ्रंट डेस्क स्टाफ़ और स्टूडेंट समेत ऐसे व्यक्ति जो स्टूडेंट हेल्थ सर्विस कैंपस में या यूनिवर्सिटी काउंसलिंग सेंटर में काम करते हैं या स्वयंसेवक के तौर पर हैं; आम तौर पर विश्वविद्यालय में घटी किसी घटना के बारे में बिना किसी व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा किए पीड़ित व्यक्ति से बात कर सकते हैं। इन व्यक्तियों से एक पीड़ित सहायता और मदद मांग सकता है विश्वविद्यालय की जांच से छेड़छाड़ किए बिना, जो पीड़ित की पहचान को प्रकट कर सकता है या पीड़ित ने घटना का खुलासा किया है, जब तक कि पेंसिल्वेनिया कानून द्वारा इसकी आवश्यकता नहीं है।

   पीड़ित व्यक्ति की गोपनीयता बनाए रखते हुए, टाइटल IX संयोजक को इन व्यक्तियों या उनके कार्यालय को घटना की प्रकृति, तारीख, समय और सामान्य स्थान की रिपोर्ट करनी चाहिए। इस सीमित रिपोर्ट में - जिसमें कोई ऐसी जानकारी शामिल नहीं है वह प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पीड़ित की पहचान करगी - यह टाइटल IX संयोजक को परिसर के भीतर और बाहर यौन हिंसा की सामान्य सीमा और प्रकृति के बारे में सूचित रखने में

मदद करता है और इसलिए परिसर संयोजक पैटर्न को ट्रैक कर सकते हैं, समस्या के स्वरूप का मूल्यांकन कर सकते हैं और उपयुक्त परिसर-व्यापी प्रतिक्रियाएं निरूपित कर सकते हैं।

टाइटल IX संयोजक को किसी भी जानकारी की सूचना देने से पहले, ये व्यक्ति पीड़ित व्यक्ति से यह सुनिश्चित करने के लिए परामर्श करेंगे कि कोई भी व्यक्तिगत पहचान का विवरण टाइटल IX संयोजक के साथ साझा नहीं किया गया है। मेडिकल स्टाफ़ और काउन्सलर के लिए संपर्क जानकारी नीचे दी गई है।

पिट्सबर्ग कैंपस के लिए:

छात्र स्वास्थ्य सेवा अपॉइंटमेंट शेड्यूल करने के लिए 412-383-1800 पर कॉल करें
यूनिवर्सिटी काउन्सलिंग सेंटर 412-648-7930 (सोमवार-शुक्रवार सुबह 8:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक) 412- 648-7859 (व्यावसायिक घंटों के बाद)

रीजनल कैंपसों के लिए:

ब्रैडफोर्ड स्टूडेंट काउंसेलिंग एण्ड हेल्थ सर्विसेज़ 814-362-5272 226 Frame-Westerberg Commons 300 कैंपस ड्राइव Bradford, PA 16701	**टाइटसविले काउन्सलिंग एण्ड स्टूडेंट डेवलपमेंट** 814-827-4465 J. कर्टिस मैककिनी स्टूडेंट यूनियन 504 E. Main Street Titusville, PA 16354
ग्रीन्सबर्ग स्टूडेंट काउंसलिंग सर्विसेज़ 724-836-9870 217 Chambers Hall 150 Finoli Drive Greensburg, PA 15601-5860 gaylep@pitt.edu	**जॉन्सटाउन स्टूडेंट काउंसेलिंग सर्विसेज़** 814-269-7119 G-10 Student Union 450 School House Road Johnstown, PA 15904

ध्यान दें:हालांकि ये पेशेवर और ग़ैर-पेशेवर काउन्सलर और मेडिकल स्टाफ़ विश्वविद्यालय से पीड़ित की गोपनीयता को बनाए रख सकते हैं, ऐसा और इसके उलट भी हो सकता है; उन्हें राज्य कानून के तहत रिपोर्ट करना हो सकता है या अन्य दायित्व निभाना पड़ सकता है। उदाहरण के लिए, पेनसिल्वेनिया कानून में नाबालिगों (18 वर्ष से कम उम्र के) और कुछ अपराधों के मामले में कानून प्रवर्तन को अनिवार्य रिपोर्टिंग ज़रूरी है।

यह भी नोट करें: यदि विश्वविद्यालय निर्धारित करता है कि कथित अपराधी विश्वविद्यालय समुदाय के लिए एक गंभीर और तत्काल खतरा हैं, तो सार्वजनिक सुरक्षा विभाग समुदाय को समय पर चेतावनी जारी करने के लिए कह सकता है। ऐसी किसी भी चेतावनी में पीड़ित को पहचानने वाली कोई भी जानकारी शामिल नहीं होनी चाहिए।

3. **ज़िम्मेदार कर्मचारियों" को रिपोर्टिंग और गोपनीयता।**
   कृपया यौन दुर्व्यवहार नीति 06-05-01 में धारा VII. देखें।

B. विश्वविद्यालय से गोपनीयता का अनुरोध करना: विश्वविद्यालय अनुरोध और प्रतिक्रिया का मूल्यांकन कैसे करेगा

1. यौन हिंसा के मामलों में

जैसा कि अनुभाग IV.B में यौन दुर्व्यवहार नीति में बताया और परिभाषित किया गया है, यौन हिंसा यौन दुर्व्यवहार का एक सबसेट है। यदि कोई पीड़ित किसी ज़िम्मेदार कर्मचारी से यौन हिंसा की घटना का खुलासा करता है, लेकिन गोपनीयता बनाए रखने या अनुरोध करना चाहता है कि किसी विशेष घटना की जांच नहीं की जाए या अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की जाए, तो विश्वविद्यालय को पीड़ित सहित सभी के लिए एक सुरक्षित, गैर भेदभावपूर्ण माहौल प्रदान करने के विश्वविद्यालय के दायित्व के साथ उस अनुरोध का मूल्यांकन करना चाहिए।

एक पीड़ित को यह समझना चाहिए कि यदि विश्वविद्यालय गोपनीयता के अनुरोध स्वीकार करता है, तो इससे विश्वविद्यालय की घटना की सार्थक जांच करने और कथित अपराधी(यों) के ख़िलाफ़ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की क्षमता सीमित हो सकती है। ऐसे समय में जब विश्वविद्यालय पीड़ित के अनुरोध को स्वीकार करता है, तो सभी के लिए एक सुरक्षित, गैर-भेदभावपूर्ण माहौल प्रदान करने में सक्षम नहीं हो सकता है।

एक ज़िम्मेदार कर्मचारी द्वारा कथित यौन हिंसा की सूचना पर विश्वविद्यालय ने गोपनीयता के अनुरोधों का मूल्यांकन करने के लिए अपने ऑफ़िस ऑफ़ सिविल राइट्स एण्ड टाइटल IX को नामित किया है। पीड़ित के गोपनीयता या कोई जांच या अनुशासन संबंधी कार्रवाई न होने के अनुरोध का मूल्यांकन करते हुए ऑफ़िस ऑफ़ सिविल राइट्स एण्ड टाइटल IX निम्नलिखित सहित और भी बहुत सारे कारकों पर विचार करेगा:

> इस बात का जोखिम बढ़ जाता है कि कथित अपराधी इसके अलावा यौन या अन्य हिंसा का कार्य करेगा, जैसे: उसी कथित अपराधी के बारे में अन्य यौन हिंसा की शिकायतें है या नहीं; क्या कथित अपराधी का किसी पूर्व विश्वविद्यालय में गिरफ्तारी या ऐसे किसी रिकॉर्ड का इतिहास है या नहीं, जो उसके हिंसा के इतिहास को दर्शाता है; कथित अपराधी ने पीड़ित या किसी अन्य के ख़िलाफ़ आगे भी यौन हिंसा या अन्य किसी हिंसा की धमकी दिया या नहीं; यौन हिंसा को क्या कई अपराधियों ने अंजाम दिया था; क्या किसी हथियार के बल पर यौन हिंसा हुई थी या नहीं; क्या पीड़ित नाबालिग हो; क्या विश्वविद्यालय के पास यौन हिंसा के प्रासंगिक सबूत (जैसे, सुरक्षा कैमरे या कर्मियों से प्राप्त, या भौतिक साक्ष्य) प्राप्त करने के अन्य साधन हैं; पीड़ित की रिपोर्ट में बताए गए स्थान पर या किसी विशेष समूह द्वारा अपराध के पैटर्न (जैसे, ड्रग्स या शराब के अवैध उपयोग के ज़रिए) का खुलासा होता है या नहीं; और क्या अपराधी विश्वविद्यालय का कर्मचारी है।

इन कारकों में से एक या एक से अधिक की मौजूदगी विश्वविद्यालय की जांच को ले जा सकती है और, यदि उपयुक्त हो, तो अनुशासनात्मक कार्रवाई भी हो सकती है। अगर इनमें से कोई भी कारक मौजूद नहीं है तो संभवतः पीड़ित के गोपनीयता के लिए अनुरोध का विश्वविद्यालय सम्मान करेगा। यदि विश्वविद्यालय यह निर्धारित करता है कि वह किसी पीड़ित व्यक्ति की गोपनीयता को बनाए नहीं रख सकता है, तो विश्वविद्यालय पीड़ित को जांच शुरू करने से पहले सूचित करेगा, पीड़ित व्यक्ति की सुरक्षा और सहायता के लिए तत्काल आवश्यक कार्रवाई करेगा और विश्वविद्यालय की कार्रवाई के लिए, जहां तक संभव हो, केवल ज़िम्मेदार लोगों के साथ जानकारी साझा करेगा। पीड़ित के ख़िलाफ़ प्रतिशोध, चाहे वह छात्रों द्वारा हो या विश्वविद्यालय के कर्मचारियों द्वारा, बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

2. यौन दुर्व्यवहार के अन्य मामले

जैसा कि यौन दुर्व्यवहार नीति धारा IV. A. और C.में बताया और परिभाषित किया गया है, यौन दुर्व्यवहार में कई कार्य शामिल हो सकते हैं, जिनमें से कई में यौन हिंसा नहीं है। हालांकि विश्वविद्यालय इन शिकायतों से निपटने में पूर्ण गोपनीयता का वादा नहीं कर सकता है, लेकिन विश्वविद्यालय विवेकपूर्ण तरीके से पूछताछ करने, शिकायतों और उससे संबंधित कार्रवाई को अंजाम देने के लिए यथोचित प्रयास करता है। प्रत्येक स्थिति को यथासंभव विवेकपूर्ण तरीके से हल किया जाता है, उन सूचनाओं को साझा किया जाता है, जिन्हें मामले की जांच करने और हल करने के लिए जानना जरूरी होता है। कुछ परिस्थितियों में, कथित अपराधी के आगे शिकायतकर्ता की पहचान का खुलासा किए बिना विश्वविद्यालय चिंताओं को दूर करने में सक्षम हो सकता है और ऐसे व्यवहार को रोक सकता है। बहरहाल, हर मामले में ऐसा संभव नहीं है, क्योंकि कुछ स्थितियों में मामले की जांच करने और/या अभियुक्त अपराधी को उसके या उसके ख़िलाफ़ आरोपों का जवाब देने को बाध्य करने के लिए शिकायतकर्ता की पहचान का खुलासा करना जरूरी हो जाता है।

C. <u>सार्वजनिक जागरूकता कार्यक्रम और अन्य रिपोर्टिंग संबंधी अपवाद</u>

"टेक बैक द नाइट," क्लोथलाइन प्रोजेक्ट, कैंडललाइट विजिल्स, क्लास पेपर्स, शोध भागीदारी, विरोध प्रदर्शन, "सर्वाइवर स्पीक आउट" जैसे इवेंट्स या ऐसे अन्य मंचों जिनमें छात्र यौन हिंसा की घटनाओं का खुलासा करते हैं, वे किसी भी विशेष घटना(ओं) की जांच के लिए उसके दायित्व को ट्रिगर ना करने के उद्देश्यों से यौन हिंसा के बारे में विश्वविद्यालय को नहीं बताते हैं।

D. अभिभावक/कानूनी अभिभावक/सहयोगी सूचना

कुछ मामलों में जब कोई गंभीर स्वास्थ्य या सुरक्षा संबंधी चिंता होती है, तो विश्वविद्यालय को प्रभावित व्यक्तियों के माता-पिता, अभिभावक (अभिभावकों) या साथी को सूचित करने की आवश्यकता हो सकती है। यह निर्धारण करने में, विश्वविद्यालय संबंधित लोगों की इच्छाओं, साथ ही उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा और परिसर समुदाय की सुरक्षा पर विचार करेगा।

जब व्यवहार पैटर्न चिंताजनक हो या छात्र की स्थिति में परिवर्तन होता है, तो विश्वविद्यालय आश्रित छात्र के माता-पिता या अभिभावकों से भी संपर्क कर सकता है। इसके अलावा, जब कोई व्यक्ति, जो 18 वर्ष से कम आयु का है, यौन दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करता है, तो नामित रिपोर्टिंग प्रतिनिधियों और गोपनीय स्रोतों दोनों को यौन दुर्व्यवहार की रिपोर्ट उपयुक्त सामाजिक सेवा एजेंसी या पुलिस को देनी पड़ सकती है, जो तब माता-पिता या कानूनी अभिभावक से संपर्क कर सकते हैं।

VII. परिशिष्ट C: अन्य प्रासंगिक विचार

A. <u>प्रतिशोध</u>

कृपया यौन दुर्व्यवहार नीति 06-05-01 में धारा VIII को देखें।

B. <u>जिम्मेदार कार्रवाई प्रोटोकॉल</u>

हमारे समुदाय का कल्याण और सुरक्षा सर्वोपरि है। विश्वविद्यालय समुदाय के सदस्यों को प्रोत्साहित करता है कि वे दूसरों को सहायता और सहयोग प्रदान करें।

कभी-कभी लोग इस डर से दूसरों को सहायता देने में संकोच करते हैं कि वे अन्य नीतिगत उल्लंघनों (जैसे शराब उल्लंघन) के लिए प्रतिबंधों के अधीन हो जाएंगे। हालांकि गंभीर नीति उल्लंघनों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है, विश्वविद्यालय सहायता की पेशकश करने वालों के लिए एक उपयुक्त प्रतिक्रिया के रूप में प्रतिबंधों के बजाय शैक्षिक विकल्प या प्रशिक्षण प्रदान करने पर विचार करेगा।

क्योंकि विश्वविद्यालय समझता है कि संभावित कार्रवाइयों के डर से आपातकालीन सहायता या रिपोर्टिंग के अनुरोधों में कमी आ सकती है, इसलिए विश्वविद्यालय ने छात्रों की ओर से इस तरह की चिंताओं को दूर करने और ज़िम्मेदार कार्रवाई को बढ़ावा देने के लिए एक ज़िम्मेदार कार्रवाई प्रोटोकॉल (रिस्पॉन्सिबल एक्शन प्रोटोकॉल) को अपनाया है।

यदि कैंपस पुलिस समेत कानून प्रवर्तन ऐसी चीजों के रखने या सेवन करने के बारे में पूरी तरह से जागरूक हो जाता है, तो कॉमनवेल्थ ऑफ पेनसिल्वेनिया कानून के अनुसार, 21 वर्ष से कम उम्र के छात्र को अपने पास मादक पेय रखने या सेवन करने के लिए अभियोजन से संरक्षित किया जाएगा, क्योंकि छात्र किसी और के लिए मेडिकल सहायता की मांग कर रहा था। विश्वविद्यालय ने न केवल आपराधिक मुकदमा चलाने से छूट देने के लिए इस कानून के पीछे निहित नीति में विस्तार किया है, बल्कि छात्रों को न्यायिक बोर्ड संबंधी कार्रवाई शुरू करने से भी छूट दी गई है। दूसरे व्यक्ति के लिए और यौन हमले के पीड़ितों के लिए मेडिकल सहायता करने वाले छात्र पर यह लागू होता है। ज़िम्मेदार कार्रवाई प्रोटोकॉल के तहत, रिपोर्ट करने वाले छात्र को शराब के उल्लंघन से छूट मिलेगी, लेकिन किसी अन्य आपराधिक गतिविधि जैसे कि मारपीट, संपत्ति को नुकसान या अन्य अवैध पदार्थों की मौजूदगी से संबंधित अनुशासनात्मक उल्लंघन से नहीं।

ज़िम्मेदार एक्शन प्रोटोकॉल के तहत सुरक्षा की मांग करने वाले छात्रों को स्थिति पर चर्चा करने के लिए हो सकता है विश्वविद्यालय के एक अधिकारी से मिलना पड़े।

C. <u>इरादा बनाम प्रभाव</u>

यह तथ्य कि किसी का इरादा किसी व्यक्ति के ख़िलाफ़ यौन दुर्व्यवहार में शामिल होने का नहीं था, इसे यौन दुर्व्यवहारकी शिकायत के मद्देनजर पर्याप्त जवाब नहीं माना जाता है। मिसाल के तौर पर, कुछ मामलों में, हो सकता है शिकायतकर्ता या प्रतिवादी के सांस्कृतिक मतभेद उनके व्यवहार की व्याख्या में कोई भूमिका निभाता हो, जिसके परिणामस्वरूप यौन दुर्व्यवहार की शिकायत हो सकती है। यह अपेक्षा की जाती है कि विश्वविद्यालय समुदाय के सभी सदस्य इस नीति के तहत यौन दुर्व्यवहार के बारे में जानकारी रखते हैं। बहरहाल, ज्यादातर मामलों में, प्रतिवादी की अनुभूति पर विचार किया जाएगा की शिकायतकर्ता के साथ ऐसा व्यवहार किसी प्रभाव और लक्षण के तहत हैं और क्या ऐसी ही किसी स्थिति में किसी उपयुक्त व्यक्ति को ऐसे आक्रामक व्यवहार का पता चलेगा या नहीं, जो यह निर्धारित करे कि किया गया व्यवहार यौन दुर्व्यवहार है या नहीं।

D. <u>संघीय सांख्यिकीय रिपोर्टिंग संबंधी दायित्व</u>

क्लैरी एक्ट (कैम्पस क्राइम स्टैटिस्टिक्स एक्ट) के अनुपालन में, नामित रिपोर्टिंग प्रतिनिधियों को विश्वविद्यालय पुलिस के यौन दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करना आवश्यक है जो एक अपराध का गठन करता है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय पुलिस द्वारा गोपनीय सहयोगी संसाधनों से प्राप्त गुमनाम रिपोर्ट और पहचान छिपा कर की गई अपराधों की रिपोर्ट भी क्लेरी अधिनियम रिपोर्ट में शामिल किया गया हैं। आमतौर पर, निम्नलिखित जानकारी शामिल होती है: अपराध में शामिल व्यक्तियों के अपराध, दिनांक, स्थान और स्थिति (यानी छात्र, फैकल्टी, स्टाफ़, अजनबी, आदि)। विश्वविद्यालय कभी भी अपराध के आंकड़ों में शिकायतकर्ता या प्रतिवादी का नाम शामिल नहीं करता है।

जब यौन दुर्व्यवहार की शिकायत की जाती है, जिसमें हो सकता है कोई आपराधिक कृत्य भी हो, तो विश्वविद्यालय शिकायतकर्ता को आपराधिक शिकायत दर्ज करने के उसके अधिकार के बारे में सूचित करेगा।

E. <u>संघीय समय पर चेतावनी के दायित्व</u>

जब किसी अपराध की रिपोर्ट की जाती है, तो विश्वविद्यालय का क़ानूनी तौर उस व्यक्ति, जिसके साथ दुर्व्यवहार हुआ है, और परिसर की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के लिए बाध्य होता है। इसमें परिसर को ऐसे अपराधों के बारे में चेतावनी देना शामिल हो सकता है, जिससे यह निर्धारित हो कि परिसर के सदस्यों को शारीरिक रूप से नुकसान पहुंचाने या खतरे के लिए यह पर्याप्त है। ऐसा निर्णय लेने में, छात्रों, फैकल्टी और स्टाफ़ की सुरक्षा के साथ-साथ ऐसी घटनाओं में शामिल सभी व्यक्तियों के गोपनीयता संबंधी हितों पर विश्वविद्यालय विचार करेगा।

विश्वविद्यालय द्वारा की गई कार्रवाई के बावजूद, समुदाय के सदस्यों को सुरक्षा सावधानी बरतने के लिए पर्याप्त जानकारी प्रदान करते हुए भी विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित करने का हर संभव प्रयास करेगा कि किसी पीड़ित का नाम और अन्य पहचान संबंधी जानकारी का खुलासा न किया जाए। अधिक जानकारी के लिए, अनुभाग IV गोपनीयता देखें।